# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

तापमान 37.4° अधिकतम | 23.9° न्यूनतम

रांची, गुरुवार 16 मई 2024 ● बैशाख शुक्ल पक्ष 09 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 37

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




## उन्हें दिलाना है वोट, शहर की कैसे हो सफाई?

संवाददाता । रांची

- शहर में वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव के काम पर लगा दिये गये हैं सफाई कार्य कराने वाले सभी सुपरवाइजर्स
- घरों से कचरा उठाव का काम काफी हद तक प्रभावित, अब लोगों को हफ्तों कचरा गाड़ी के नहीं हो रहे हैं दर्शन

शहर के विभिन्न इलाकों में बीते कुछ दिनों से सफाई व्यवस्था ठप है. कहीं मैदान में कचरे का अंबार है, तो कहीं सड़क पर ही कचरा पसरा हुआ है. पर अचानक से ऐसा क्या हुआ कि जगह-जगह कचरे का अंबार लगने लगा. इसका जवाब है मतदान. शहर में वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए सफाई कार्य करानेवाले सभी सुपरवाइजर्स को चुनाव के काम पर लगा दिया गया है. अब सुपरवाइजर्स बूथ लेवल अफसर के साथ मिल कर घर-घर वोटर स्लिप व वोटर गाइड बांटने के काम में जुटे हैं. इसका नतीजा यह है कि घरों से कचरा उठाव का काम काफी हद तक प्रभावित हो गया है. पहले जहां हर दूसरे या तीसरे दिन घरों से कचरा उठाया जाता था, वहीं अब लोगों को हफ्तों कचरा गाड़ी के दर्शन नहीं हो रहे. घर-घर जाकर कचरा उठाने वाली गाड़ियां दिख नहीं रही हैं. कई दिनों तक घर से कचरे का उठाव नहीं होने के कारण लोग काफी परेशान हैं. इसका नतीजा यह है कि लोग सड़क, मैदान या घर के आसपास मौजूद खाली स्थान पर ही कचरा फेंक रहे हैं. रांची नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि पहली बार ऐसा हुआ है कि सुपरवाइजर्स को इलेक्शन के काम पर लगाया गया है. उन्होंने बताया कि सुपवाइजर्स को इलाके की अधिक जानकारी होने का कारण यह काम सौंपा गया है. इसलिए वे कचरा उठाव नहीं करा पा रहे हैं.



### ब्रीफ खबरें

**जामताड़ा में कार से मिले 10 लाख रुपये**

**जामताड़ा/रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर की जा रही वाहन चेकिंग के क्रम में बुधवार को कानगोई चेक नाका पर पुलिस ने एक कार से 10 लाख रुपये बरामद किए हैं. इस दौरान कार (डब्लू बी 38 एएम 1668) के चालक से बरामद धनराशि से संबंधित कोई कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाया. पुलिस ने आयकर विभाग को भी सूचित किया. बैग में 500, 200, 100 रुपये के नोटों की दर्जनों गड्डियां हैं. नगदी जब्त कर पुलिस व आयकर अधिकारी कार सवार से पूछताछ कर रहे हैं.

**कैश के साथ पकड़ाए तीन युवकों को बेल**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के पास 4.56 लाख रुपये कैश के साथ पकड़े गये तीनों युवकों अश्विनी रजवार, रवि कुमार राय और प्रखर रंजन को पांच-पांच हजार के निजी मुचलकों पर रांची सिविल कोर्ट से बेल मिल गयी. रांची सिविल कोर्ट के सीजेएम चंदन कुमार के कोर्ट में आरोपियों की बेल पर सुनवाई हुई. आरोपियों की ओर से अधिवक्ता प्रीतांशु सिंह ने बहस की. बता दें कि वाहन चेकिंग के दौरान विधानसभा थाना के पास एक कार से 4.56 लाख रुपये कैश के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया था.

**गांडेय में कल्पना को भाकपा का समर्थन**

**रांची।** भाकपा ने गांडेय विधानसभा उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन को समर्थन की घोषणा की है. पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक व कार्यालय सचिव अजय सिंह घोषणा करते हुए वहां की जनता से भी अपना समर्थन देने की अपील की है. उन्होंने कहा कि भाकपा झारखंड में हजारीबाग, चतरा व दुमका लोकसभा से चुनाव लड़ रही है. इन तीन लोकसभा सीटों के बाद जिन सीटों पर सीपीआई के प्रत्याशी नहीं है, उन सीटों पर भाजपा को हराने वाले दल व उम्मीदवारों को पार्टी अपना समर्थन करेगी.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

### बेंगाबाद में एक मंच पर आए तेजस्वी, चंपाई व कल्पना सोरेन

## अग्निवीर रिटायर हो सकते हैं, मोदी क्यों नहीं : तेजस्वी

विशेष संवाददाता। गिरिडीह/रांची

गांडेय विधानसभा के बेंगाबाद में बुधवार को राजद के स्टार प्रचारक बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, झारखंड के सीएम चंपाई सोरेन, मंत्री बन्ना गुप्ता, माले विधायक एवं कोडरमा से प्रत्याशी विनोद सिंह सहित इंडिया के अन्य नेता एक मंच पर आए. तेजस्वी ने कोडरमा लोकसभा से माले प्रत्याशी विनोद सिंह और गांडेय विधानसभा उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन के समर्थन में सभा की.

तेजस्वी यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गलत नीतियों के कारण 25 करोड़ युवा ओवर एज्ड होकर बेरोजगार हैं. पीएम भी अब ओवर एज्ड हैं. अगर वो अग्निवीर को 22 साल की उम्र में जबरन सेवानिवृत्त कर रहे हैं, तो मुझे उम्मीद है कि 75 वर्ष में रिटायर होने की अपनी ही बनायी नीति, नियम और सिद्धांत का अनुपालन पीएम अवश्य करेंगे.

**हेमंत के काम से भाजपा को दर्द होने लगा: चंपाई :** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि आज झारखंड की दशा एवं दिशा के लिए पूर्ववर्ती भाजपा की सरकारें जिम्मेवार हैं. 2019 में हेमंत बाबू के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत वाली गठबंधन की सरकार बनी, तो हर वर्ग के लिए काम शुरू हुआ. इसके बाद भाजपा के पेट में दर्द होने लगा. सरकार गिराने का के प्रयास में ये विफल रहे, तो हेमंत बाबू को बिना किसी सबूत के जेल भेजने का काम किया.

**कोडरमा लोस से माले प्रत्याशी विनोद सिंह व गांडेय विस से कल्पना के लिए मांगे वोट**



### हार देख पुराना राग अलापना शुरू कर चुके हैं भाजपाई

तेजस्वी ने कहा कि भाजपा वाले अब 400 पार की बात नहीं कर रहे हैं. क्योंकि उन्हें पता चल चुका है कि वे चुनाव हार चुके हैं. इसलिए अब फिर से वही पुराना राग अलापना शुरू कर दिए हैं. हिंदु-मुस्लिम, धार्मिक धुर्वीकरण. उन्होंने कहा कि अरे भाई काठ की हांडी कब तक चढ़ाते रहोगे. अब तो ये सब बंद करके मुद्दे की बात करो. देश में चार चरण का चुनाव संपन्न होने के बाद एक बार भी पीएम बेरोजगारी, महंगाई पर एक शब्द नहीं बोले.

### भाजपा-आजसू के सांसद नहीं उठाते झारखंड के मुद्दे: कल्पना

चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने कहा कि आपके हक-अधिकार की जो बात करे, आपके सुख-दुख में जो साथ हो, उसे अपना आशीर्वाद दें. हम सभी ने देखा भाजपा-आजसू के नेताओं ने कभी भी झारखंडी हक-अधिकारों के लिए किसी सदन में आवाज नहीं उठायी. विगत वर्षों में केंद्र सरकार ने पेंशन पर चुप्पी साध ली, तो हेमंत जी ने 36 लाख लोगों को पेंशन के अधिकार से जोड़ा. भाजपा की डबल इंजन सरकार ने 11.5 लाख नाम राशन कार्ड से हटाए, तो हेमंत जी ने 20 लाख राशन कार्ड दिए. हेमंत जी ने बिरसा हरित ग्राम जैसी कई योजनाओं को धरातल पर उतारा.

**भाजपा और केंद्र सरकार ने सिर्फ जुमलेबाजी की :** कल्पना ने कहा कि पूर्व की डबल इंजन सरकार ने राज्य में सात हजार सरकारी स्कूल बंद किए, हेमंत जी ने सरकारी स्कूलों को प्राइवेट स्कूलों से बेहतर बनाना शुरू किया. ऐसे अनेक कार्य हैं, जो आपके आशीर्वाद से 2019 में हेमंत सरकार ने किए और अभी भी जारी है. उन्होंने कहा कि भाजपा और केंद्र सरकार ने सिर्फ जुमलेबाजी की, जबकि हेमंत जी ने कई लोक-कल्याणकारी योजनाओं के साथ लंबी लकीर खींचने का काम किया. यह साफ है कि आपके अधिकारों की रक्षा सिर्फ इंडिया गठबंधन ही कर सकती है, भाजपा-आजसू नहीं.

## मंत्री आलमगीर की गिरफ्तारी पर पाकुड़ में फोड़े गए पटाखे

संवाददाता। रांची/पाकुड़

झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम की ईडी द्वारा गिरफ्तारी के बाद बुधवार देर शाम पाकुड़ के व्यवसायी शंभू नंदन ने जमकर पटाखे फोड़े. व्यवसायी ने हरिणडांगा बाजार में व्यवसायियों और राहगीरों के बीच मिठाइयां भी बांटी. शंभू नंदन ने बताया कि 22 जून 2020 में बरहरवा नगर पंचायत टोल टैक्स का टेंडर नहीं लेने की धमकी तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा ने मंत्री आलमगीर आलम के मोबाइल से दी थी.

इसके बाद टेंडर में भाग लेने पर उनके गुर्गों ने मारपीट भी की थी. इसी मामले को लेकर बरहरवा थाने में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी. शंभू नंदन ने बताया कि उन्हें कानून पर विश्वास था कि उन्हें न्याय मिलेगा और आज ईडी ने रांची में पूछताछ के बाद मंत्री को गिरफ्तार कर लिया. उन्होंने कहा कि टेंडर मैनेज कर जमा की गई करोड़ों की राशि जब्त कर उनके पीएस और उनके नौकर के बाद मंत्री को भी गिरफ्तार कर लिया गया. इसके कारण सिर्फ उन्हें नहीं बल्कि राज्य के हजारों व्यवसायियों एवं संवेदकों में काफी खुशी है.



## लीकेज पर लीकेज

**आठ लाख लोगों को नहीं मिला पानी, आज हटिया लाइन बंद**



फाइल फोटो

विशेष संवाददाता। रांची

रुक्का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से निकलने वाली विभिन्न लाइन की मरम्मत के कारण बुधवार को शहर में वाटर सप्लाई पूरी तरह से ठप रही. शहर के कम से कम आठ लाख लोगों को बुधवार को पानी नहीं मिला. अब रुक्का-हटिया लाइन में लीकेज हो गया है, जिसकी मरम्मत का कार्य गुरुवार को किया जाएगा. इसके कारण हटिया लाइन से आपूर्ति वाले क्षेत्र जैसे कांटाटोली, डोरंडा और अशोक नगर व आसपास के एरिया में वाटर सप्लाई पूरी तरह से ठप रहेगी. रुक्का ईई चंद्रशेखर के अनुसार कोकर के सैमफोर्ड अस्पताल के पास चार नंबर लाइन में हेवी लीकेज हो गया. इसकी मरम्मत और कांटाटोली फ्लाई ओवर निर्माण के कारण पाइप लाइन शिफ्टिंग के कारण गुरुवार को हटिया लाइन से पानी की आपूर्ति बंद रहेगी.

**राइजिंग पाइप की मरम्मत का काम शाम तक चला :** रुक्का प्लांट से बूटी जलागार तक विभिन्न राइजिंग पाइप लाइनों का लीकेज ठीक करने के लिए बुधवार की सुबह नौ बजे से शाम सात बजे तक रुक्का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से पेयजल आपूर्ति पूरी तरह से बाधित रही. बुधवार को रुक्का से निकलने वाले मेन राइजिंग पाइप लाइन का मनन विद्यालय, बांसजुड़, रंगलौरी ब्रिज नंबर तीन, एनसीसी कैंपस रुक्का और ओल्ड डब्लूटीपी नियर रुक्का के पास मरम्मत कार्य किया गया. इस कारण देर शाम तक रुक्का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बंद रहा.

**आज भी आंशिक जलापूर्ति संभव :** शाम सात बजे तक मरम्मत कार्य पूरा नहीं हो सका. रुक्का डिवीजन से मिली जानकारी के अनुसार रुक्का से पानी सप्लाई रात के 9 बजे के बाद शुरू हुआ और बूटी जलागार में रात के 12 बजे के बाद आया. इसलिए गुरुवार को भी शहर में अनियमित एवं आंशिक जलापूर्ति की स्थिति बनी रहेगी.

**इन क्षेत्रों में नहीं हो सकी जलापूर्ति**

पाइप लाइनों की मरम्मत के कारण इरबा, बूटी मोड़, विकास, बीआईटी, दीपाटोली, कोकर, कांटाटोली, रेलवे कॉलोनी, निवारणपुर, मेन रोड, चुटिया, बहु बाजार, सिरमटोली, हिंदपीढ़ी, चर्च रोड, लालपुर, वर्द्धमान कपाउंड, बरियातू रोड, रिम्स, मोरहाबादी, अपर बाजार, हरमू रोड, रातू रोड, पिस्का मोड़, मधुकम, महुआ टोली, पहाड़ी मंदिर एरिया, कुम्हार टोली, केशव नगर, किशोरगंज, कैलाश नगर, गाड़ीखाना चौक और आसपास के इलाकों में वाटर सप्लाई बाधित रही.

### रांची के मास्टर प्लान में सुधार के लिए झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने की बैठक

## रियल एस्टेट उप समिति जून में करेगी हैदराबाद भ्रमण

संवाददाता। रांची

झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के रियल एस्टेट एंड अर्बन डेवलपमेंट तथा बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन उप समिति की बैठक बुधवार को चैंबर भवन में उप समिति चेयरमेन अंचल किंगर, आलोक सरावगी व रोहित अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई. सॉफ्टवेयर की तकनीकी खामियों के कारण नक्शा पास करने में होनेवाली परेशानियों पर पर चर्चा की गई. मास्टर प्लान में सुधार के लिए दिये गये आवेदनों पर कार्यवाही नहीं होने पर भी सदस्यों ने चिंता जताई. बैठक में जल्द ही नगर प्रशासक से मिल कर, इसपर ठोस कदम उठाने का आग्रह किये जाने का निर्णय लिया गया.



**बालू की कमी से प्रोजेक्ट रह जा रहे अधूरे, सरकार करें समीक्षा : अंचल :** उप समिति चेयरमेन अंचल किंगर ने कहा कि बालू की कमी के कारण एक ओर जहां संवेदक, डेवलपर्स के प्रोजेक्ट्स अधूरे रह जा रहे हैं, वहीं मजदूरों का भी पलायन हो रहा है. सरकार को इसकी त्वरित समीक्षा करनी चाहिए. सर्किल रेट की दरों में प्रत्येक दो वर्ष में होनेवाली बढ़ोत्तरी पर भी सदस्यों द्वारा चिंता जताई गई और कहा गया कि इसकी समीक्षा होनी चाहिए.

**नगर विकास सचिव को पत्राचार करेगी उप समिति :** वर्तमान में केवल एक वर्ष के लिए बिल्डर रजिस्ट्रेशन मिलने की प्रक्रिया पर असंतोष जताते हुए कहा गया कि बिल्डर रजिस्ट्रेशन तीन वर्ष का मिलना चाहिए. उप समिति ने इस मामले में नगर विकास विभाग के सचिव को पत्राचार करने का निर्णय लिया. वहीं, जून के प्रथम सप्ताह में उप समिति के सदस्यों ने नॉलेज टूर का आयोजन करने की सहमति बनाई है. पहला टूर हैदराबाद में होगा. उप समिति चेयरमेन आलोक सरावगी ने कहा कि नॉलेज टूर के माध्यम से हमारी टीम हैदराबाद में किये गये या होनेवाले निर्माण कार्यों, प्रोजेक्ट्स व इंफ्रास्ट्रक्चर को देखेगी. बैठक में कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण लोहिया, सदस्य मुकेश पांडे, अमित अग्रवाल व विकास मोदी शामिल थे.

## पंजाब ने राजस्थान को पांच विकेट से हराया

**आईपीएल : 2024**

एजेंसी। गुवाहाटी

**स्कोर बोर्ड**

राजस्थान रॉयल्स :144/9
पंजाब किंग्स : 122/5



- पंजाब के लिए सैम करन ने बैट और बॉल से किया कमाल
- **राजस्थान रॉयल्स ने गंवाया लगातार चौथा मैच**

प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुकी राजस्थान रॉयल्स को आईपीएल 2024 में लगातार चौथी हार झेलनी पड़ी है. टीम ने शुरुआती नौ मैचों में आठ पर जीत हासिल की थी. 13 मैचों के बाद भी उसके नाम आठ ही जीत हैं. गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम पर राजस्थान को पंजाब किंग्स ने पांच विकेट से हराया. धीमी विकेट पर राजस्थान ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए नौ विकेट पर 144 रन बनाए. पंजाब ने 19वें ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया. पंजाब पहले ही प्लेऑफ की रेस से बाहर है लेकिन इस जीत ने उसे टेबल में 10वें से 9वें स्थान पर पहुंचा दिया है.

**राजस्थान के लिए सिर्फ पराग चले :** स्थानीय खिलाड़ी रियान पराग की 48 रन की पारी के बावजूद राजस्थान रॉयल्स की टीम 150 के स्कोर को परा नहीं कर पाई. राजस्थान के लिए पराग ने 34 गेंद की पारी के दौरान छह चौके जमाये जबकि रविचंद्रन अश्विन ने 19 गेंद में तीन चौके और एक छक्के से 28 रन का योगदान दिया. इन दोनों ने चौथे विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी निभाकर पारी को रफ्तार देने की कोशिश की लेकिन उनके प्रयास कामयाब नहीं रहे. पंजाब के लिए हर्षल, चाहर और कप्तान करन ने 2-2 विकेट लिए.

**टीम के टॉप-3 बल्लेबाज पूरी तरह फेल रही :** टीम के टॉप-3 बल्लेबाज पूरी तरह फेल रही. मैच की पहली गेंद पर चौका मारने के बाद यशस्वी जायसवाल उसी ओवर में आउट हो गए. बटलर की जगह ओपनिंग कर रहे टॉम कोहलर कैडमोर ने 18 रन बनाने के लिए 23 गेंदों का सामना किया. कप्तान संजू भी 15 गेंद पर 18 रन बना सके. पावरप्ले में एक विकेट खोने के बाद भी पंजाब की सटीक बॉलिंग के सामने राजस्थान की टीम 38 रन ही बना सकी. निचले क्रम में जुरेल गोल्डन डक हुए तो पॉवेल 4 और डोनोवन फेरीरा ने सात रन बनाए.

**ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई**

### वाहन चेकिंग अभियान रुकने से फिर लगने लगा शहर में जाम, लोग हो रहे परेशान

## राजधानी की सड़कों पर फिर से बढ़ गए बिना परमिट वाले ऑटो

संवाददाता। रांची

वाहन चेकिंग अभियान रुकने से राजधानी की सड़कों पर फिर से बिना परमिट वाले ऑटो की संख्या बढ़ गई है. नतीजतन सर्कुलर रोड, रेडियम रोड, कचहरी रोड, बरियातू रोड, रातू रोड, अलबर्ट एक्का चौक से कोकर चौक तक रह -रह कर जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है. अप्रैल महीने में शहर में ऑटो की संख्या में कमी आई थी. इसका कारण ट्रैफिक पुलिस और परिवहन पदाधिकारी द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जाना था.

इसके अलावा शहर में फुटपाथ में लगनेवाले अतिक्रमण हटाने को लेकर पुलिस की कार्रवाई जारी थी. इस वजह से शहर में जाम की स्थिति नहीं उत्पन्न हो रही थी, लेकिन जैसे ही चेकिंग अभियान बंद हुआ, बिना परमिट वाले ऑटो ग्रामीण इलाके से शहरी इलाके में में आकर चलने लगे.



### ई-रिक्शा चालकों की मनमानी से राजधानी के लोग हलकान

रांची में पेट्रोल-डीजल और सीएनजी के ऑटो के साथ-साथ ई-रिक्शा की संख्या में भी तेजी से इजाफा हुआ है. रांची डीटीओ ऑफिस से 4500 से ज्यादा ई-रिक्शा का निबंधन है. लेकिन रांची नगर निगम ने शहरी क्षेत्र में 994 ई-रिक्शा को चलाने की ही अनुमति दी है. जबकि, शहर में पांच हजार से ज्यादा ई-रिक्शा चलते हैं. लेकिन आरटीए, डीटीओ सहित ट्रैफिक पुलिस ऐसे वाहनों पर ठोस कार्रवाई नहीं करती है. इसके कारण ऑटो व ई-रिक्शा के चालकों की मनमानी से पूरा शहर त्रस्त है. सड़क पर ही बेतरतीब तरीके से खड़ा कर ई-रिक्शा चालक सवारियों को बैठाने का काम करते हैं. इस कारण हमेशा जाम लगता रहता है. इससे अन्य वाहन चालकों के साथ राजधानी के लोग भी हलकान हैं.

### अधिकतर ऑटो व ई-रिक्शा का नंबर पढ़ना मुश्किल

रांची की सड़कों पर अवैध रूप से चल रहे ऑटो व ई-रिक्शा का नंबर पढ़ना भी मुश्किल है. किसी का पेंट उखड़ गया है, तो किसी ने जानबूझ कर अपनी नंबर प्लेट से एक नंबर को मिटा दिया , ताकि, ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने या किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर सीसीटीवी से उक्त ऑटो को ट्रेस न किया जा सके. इसके अलावा प्रमुख सड़क हो या गली-मोहल्ले हर जगह नाबालिग और अनट्रेंड युवाओं द्वारा ई-रिक्शा चलाया जा रहा है. इस कारण अक्सर जाम लग रहा है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है.

**रांची निगम क्षेत्र में 5330 ऑटो को दिया गया परमिट:** रांची निगम क्षेत्र में 5330 ऑटो (सीएनजी, पेट्रोल-डीजल) को परमिट दिया गया है. जबकि 15 हजार से ज्यादा ऑटो बिना परमिट के चल रहे हैं. यानी शहर में परमिट से तीन गुना ज्यादा ऑटो चल रहे हैं. वह भी ट्रैफिक पुलिस के सामने. इस कारण तमाम कवायद के बाद भी शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधर नहीं रही है. ऑटो व ई-रिक्शा के परमिट की बात अगर छोड़ दें, तो इनके पास न ड्राइविंग लाइसेंस है, न इंश्योरेंस और न ही पॉल्यूशन सर्टिफिकेट. फिर भी धड़ल्ले से ऐसे ऑटो चलाये जा रहे हैं.

## ब्रीफ खबरें

### भ्रष्टाचार का एक और बड़ा विकेट गिरा: प्रतुल

**रांची।** झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम की गिरफ्तारी के बाद भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सत्ता पक्ष पर हमला बोला है. प्रतुल ने बयान जारी कर कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार का एक और बड़ा विकेट गिरा है. आलमगीर आलम को अरबों रुपए के टेंडर घोटाले मामले में ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है. इसके पहले पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी गिरफ्तार हो चुके हैं. यह नरेंद्र मोदी का न्यू इंडिया है. यहां आप उच्च पद पर भी रहकर भ्रष्टाचार करके बच नहीं सकते. प्रतुल ने कहा कि यह तो शुरुआत है, अभी तो अरबों रुपयों का जो टेंडर घोटाला हुआ है, उसकी जांच जारी रहेगी.

### झालसा सदस्य सचिव ने किया जेल का दौरा

**रांची/खूंटी।** झालसा रांची की सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना ने बुधवार को खूंटी जेल का निरीक्षण किया. उपकारा के निरीक्षण के दौरान मेंबर सेक्रेटरी के साथ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश खूंटी रषिकेश कुमार, डिप्टी सेक्रेटरी झालसा रांची, अभिषेक कुमार, डीएलएसए सचिव खूंटी राजश्री अपर्णा कुजूर के अलावा जेल के अधिकारी उपस्थित थे. झालसा की मेंबर सेक्रेटरी ने जेल के प्रत्येक वार्ड का निरीक्षण किया. महिला वार्ड, रसोईघर, स्वास्थ्य केंद्र, वीसी हॉल, पुस्तकालय आदि का निरीक्षण किया और पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये. साथ ही डीएलएसए सभागार में मेंबर सेक्रेटरी की अध्यक्षता और प्रधान जिला जज की उपस्थिति में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

### लूट की सजा भुगतनी ही पड़ेगी : बाबूलाल

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को चंपाई सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री और कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम की ईडी द्वारा हुई गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा कि लूट और भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को सजा भुगतनी ही पड़ेगी. कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी, पोषक और संरक्षक है. राज्य में कांग्रेसपार्टी जब जब सत्ता में शामिल हुई, राज्य को लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ी है. खजाने मिल रहे. कभी 350 करोड़ तो कभी 35 करोड़ नकद बरामद हुए. यह तो केवल नमूना है. ईडी सीबीआई तो जनता की गाढ़ी कमाई का पाई-पाई वसूलने की कार्रवाई कर रही है. कांग्रेस ने कभी आंदोलन को लूटा और अब मिलकर राज्य को लूट रहे.

### प्रबीर की रिहाई का फैसला स्वागतयोग्य

**रांची।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा डिजिटल प्लेटफार्म न्यूज क्लिक वेब पोर्टल के प्रधान संपादक और देश के जाने-माने पत्रकार और विज्ञानवेत्ता प्रबीर पुरकायस्थ को रिहा किए जाने के आदेश का स्वागत किया है. सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में उनकी गिरफ्तारी को न केवल अवैध माना बल्कि दिल्ली पुलिस द्वारा लगाए गए काले कानून युएपीए की विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत उन्हें लंबे दिनों तक जेल में रखे जाने की साजिश को भी उजागर कर दिया है. मालूम हो कि पिछले वर्ष अक्टूबर माह में प्रबीर पुरकायस्थ समेत कुछ लोगों को दिल्ली पुलिस द्वारा एक अमेरिकी अखबार में छपी खबर के आधार पर गिरफ्तार किया गया था.

---

क्या आप चला रही हैं झारखंड की सरकार? कल्पना सोरेन ने दिया जवाब, कहा-

# हेमंत के लिए मजबूत आवाज की जरूरत, मैं वही कर रही

**शुभम संदेश नेटवर्क। रांची**

झारखंड में लोकसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज है. इस बीच झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झामुमो के नेता हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने दावा किया है कि हम राज्य की सभी 14 सीटें जीतेंगे. क्या कल्पना सोरेन सरकार चला रही हैं? इस सवाल पर कल्पना ने एबीपी न्यूज़ से खास बातचीत में कहा कि हेमंत सोरेन के लिए एक मजबूत आवाज की जरूरत है और अगर ये उनके घर से ही है और वो मैं ही हूं तो इसमें ग़लत क्या है. अगर ये ज़िम्मेदारी मैं निभा रही हूं तो ग़लत क्या है? गांडेय विधानसभा सीट से उप-चुनाव लड़ रहीं कल्पना ने आगे कहा, 31 जनवरी से माहौल बदला और मैं सार्वजनिक तौर पर आई हूं. स्टार प्रचारक बनी हूं. हेमंत सोरेन जेल में हैं, लेकिन साढ़े तीन करोड़ जनता उनके साथ है.

### भाजपा को था जिनसे खतरा, उन्हें जेल भेजा

कल्पना ने कहा कि इंडिया गठबंधन का साथ मिला है. न्याय रैली में राहुल गांधी ने बोलने का मौका दिया. रामलीला मैदान में भी भाषण दिया. मज़बूती मिली है. बीजेपी द्वारा सुनियोजित तरीक़े से षड्यंत्र रचा गया. जिनसे इनको लगता था कि सबसे ज्यादा खतरा है, उन्हीं को बीजेपी ने जेल भिजवाया है. वो हैं अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन.

### भ्रष्टाचार के आरोपों पर बोलीं कल्पना

भ्रष्टाचार के आरोपों पर कल्पना सोरेन ने कहा कि करप्शन पर जो दोषी है उसे सज़ा मिले. पिछड़ों के आरक्षण पर बात आगे नहीं बढ़ती है, केंद्र सरकार से बकाया मांगते हैं और नहीं मिलता है, क्या वो भी करप्शन है. हम 20 साल का हक मांग रहे हैं. झारखंड की ज़मीन से सोना निकाल लेते हैं और रॉयल्टी नहीं देते हैं तो वो भ्रष्टाचार है? झारखंड के साथ हमेशा सौतेला व्यवहार किया गया. मंत्री आलमग़ीर आलम के करीबियों के घर पैसे मिलने पर कल्पना सोरेन ने कहा कि कार्रवाई जहां होनी है, हो रही है. लेकिन झारखंड एक ऐसा बच्चा है, जिसके साथ पिता यानी केंद्र सरकार द्वारा सौतेला व्यवहार हुआ.



### हेमंत सोरेन की जमानत पर क्या कहा

अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर कल्पना सोरेन ने कहा कि मौका हर किसी को मिलना चाहिए. इंडिया गठबंधन का प्रचार करेंगे. सुप्रीम कोर्ट से चाहूंगी कि हेमंत सोरेन को लेकर भी सोचें. कल्पना सोरेन ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि ये प्रेजेंट की बात नहीं करते. भविष्य की बातें कर रज़ून को जनता देगी. ये चुनाव संविधान बचाने की लड़ाई है. हिंदू-मुसलमान की राजनीति पर कल्पना ने कहा कि मैं रिटायर्ड ऑफिसर की बेटी हूं. मैंने हिंदुस्तान को जिस नज़र से देखा. जिस वातावरण में रही हूं, मैंने खूबसूरत हिंदुस्तान देखा है. गुरुद्वारा, पीर बाबा, मंदिर सब जगह जाती रही हूं, जाति धर्म से ऊपर देखना चाहिए.

---

मंत्री रहते आलमगीर आलम गिरफ्तार

# मंत्री आलम हो सकते हैं बर्खास्त

- गिरफ्तारी के बाद मुख्यमंत्री चंपाई ने पार्टी और कांग्रेस के आला नेताओं से की बात

**विशेष संवाददाता। रांची**

राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री को टेंडर कमीशन मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद चंपाई सरकार में हलचल तेज हो गयी है. जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन कभी भी मंत्री आलमगीर आलम को बर्खास्त कर सकते हैं. आलम के लिए अगले 24 घंटे का समय काफी अहम है. उनकी गिरफ्तारी के बाद सीएम चंपाई ने पहले अपने पार्टी के नेताओं से चर्चा की. इसके बाद उन्होंने कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर से बात की. जानकारी के अनुसार सीएम चंपाई ने सबसे पहले कांग्रेस को उनके खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है, ताकि सीएम को आगे की कार्रवाई में आसानी हो सके. अगर अगले 24 घंटे के अंदर कांग्रेस इस मामले में कोई पहल या सुझाव सरकार को नहीं देती है तो सीएम आलम को बर्खास्त कर सकते हैं. वैसे यह भी संभावना जताई जा रही है कि आलमगीर खुद ही अपना इस्तीफा सीएम को भेज दें.

**अब कांग्रेस को चुनना होगा नया सीएलपी लीडर :** चुनाव के बीच कांग्रेस नेतृत्व जितनी जल्द हो सके, इस मामले से खुद को अलग करना चाहेगी, ताकि भाजपा इसे चुनावी मुद्दा न बना सके. आलमगीर आलम की गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस को शीघ्र ही अपना नया सीएलपी लीडर भी चुनना होगा.

---

राजग के भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ ने किया जनसंपर्क, कहा

# पीएम मोदी करते हैं काम कांग्रेस करती तुष्टीकरण

**संवाददाता। रांची**

सांसद संजय सेठ ने कहा कि कमजोर वर्गों की आकांक्षाओं की पूर्ति करना और उनके अधिकारों की रक्षा करना मोदी जी का लक्ष्य है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सामाजिक न्याय और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए तत्पर हैं. वह जनसंपर्क अभियान के दौरान बुधवार को आयोजित सभा में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और सफाई कर्मचारियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए उनके सशक्तिकरण पर जोर देते हुए उन्हें बेहतर शिक्षा और रोजगार के लिये ऋण उपलब्ध करा रहे हैं. भाजपा का मूल मंत्र है सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास. इन्हीं मूल मंत्र के साथ हमारे प्रधानमंत्री काम करते हैं, वहीं कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करती है, कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति कर चुनाव जीतना चाहती है. प्रधानमंत्री का संकल्प है विकसित भारत और हम उसी को लेकर आगे बढ़ रहे हैं. संजय सेठ ने बुधवार को हटिया विधानसभा के नगड़ी प्रखंड, ऐडचेरो, साहेर, नगड़ी, नारो, ललगुटवा, नयासराय, दलादिली, रामपुर, गुंदली पोखर में अभियान चलाया.

**केसरवानी वैश्य समाज की संगोष्ठी में शामिल हुए संजय सेठ, की अपील :** रांची जिला केसरवानी वैश्य समाज के मतदाता जागरुकता संगोष्ठी में सांसद संजय सेठ शामिल हुए. उन्होंने सभी लोगों से 25 तारीख को राष्ट्र निर्माण के लिए भाजपा को वोट करने की अपील की.

मौके पर विधायक नवीन जायसवाल, कार्तिक केसरी, हेमंत केसरी, कैलाश केसरी, मोहन केसरी, मिथिलेश केसरी, रेखा केसरी, राधेश्याम केसरी, रूपा केसरी, नवीन केसरी, मंटू केसरी, दौलत राम केसरी आदि शामिल थे.

**अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की बैठक :** सांसद संजय सेठ ने कुशवाहा समाज के लोगों संग बैठक में शामिल होकर उनकी समस्याओं को सुना एवं 25 तारीख को राष्ट्र निर्माण में लोगों से वोट करने की अपील की. मौके पर विधायक नवीन जायसवाल, चूड़ामणि महतो, केदार महतो, अभय कुमार महतो, शिवचरण कुशवाहा, सुनील कुमार, सुदर्शन महतो, प्रयाग महतो, रेणु कुमारी, मधुबाला आदि शामिल थे.

**महिला मोर्चा ने किया जागरूक :** साथ ही रांची महानगर महिला युवा मोर्चा की ओर से सभी मंडल, ग्रामीण क्षेत्र के सभी मंडलों में सभा एवं जनसंपर्क अभियान चला कर लोगों को भाजपा के प्रति मतदान के लिये जागरूक किया गया.



### विकसित राष्ट्र बनाने के लिए मोदी को तीसरी बार विजयी बनाएं : नवीन

विधायक नवीन जायसवाल ने कहा आज झारखंड भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है और यहां के मंत्री के करीबी नौकर के घर से 32 करोड़ रुपये काली कमाई के निकल रहे हैं तो मंत्री के घर में कितना पैसा होगा, यह पूरी झारखंड की सरकार अखंड भ्रष्टाचार में डूबी हुई है. इसलिए देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए कमल के निशान पर बटन दबाकर रांची से सांसद संजय सेठ को जिताएं. मौके पर ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, प्रदीप सिन्हा, चूड़ामणि महतो, राकेश केसरी, नेहा सिंह, कुणाल सहदेव, कमलेश ओहदार, दिलीप तिर्की, शीतल साहू, नरेश बैठा, सुधाकर चौबे, अनिल गोप, रेणु देवी, शीला देवी, बलवंत, चरण कुशवाहा, कमलेश ओहदार, डॉ. मांसा बेन, जय कृष्ण महतो, संजय महतो, गुड्डू राम, नंदकिशोर, मधुबाला देवी, हेमंत केसरी, मंगल उरांव, लाल प्रकाश नाथ सिंह, लाल प्रकाश नाथ शाहदेव, दिलीप सिंह, कृष्ण महतो आदि शामिल थे.

---

इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी ने किया जनसंवाद

# पीएम मोदी की सत्ता को बदलने का समयः सहाय

**संवाददाता। रांची**

कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने विभिन्न क्षेत्रों में बुधवार को चुनावी बैठक, पदयात्रा, जनसंपर्क और सभाएं कर मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की.

मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने कहा कि मोदी सरकार सिर्फ जुमलों की सरकार है. अब समय आ गया है कि जनता अपनी वोट की ताकत से जुमलो वाली मोदी सरकार को बदल दे, उन्होंने लोगों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर उन्हें विजयी बनाने की अपील की.

**सुबोधकांत ने की अपील :** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि जनता के पास मौका है कि महंगाई का बोझ लादने और युवाओं को बेरोजगार करने वाली मोदी सरकार को बदल दें. उन्होंने 25 मई को कांग्रेस में वोट देकर यशस्विनी सहाय को विजयी बनाकर इंडिया गठबंधन के हाथों को मजबूत करने की अपील की.

**यहां चलाया जनसंपर्क अभियान/पदयात्रा की:** बरियातू, रानी बागान, बूटी मोड़, सैनिक कॉलोनी, डुमरदगा, पाहन टोली, बीआईटी मोड़, विकास चौक, नेवरी, चुट्टू रिंग रोड, चकमे, कुम्हरिया, चंदवे चौक, उलातू सोजो, पिठोरिया चौक, बाड़, कोनकी, डोरंडा क्षेत्र के रिसालदार नगर, अरविंदो नगर, कुसई कॉलोनी, पाहन टोली, बान टोली, ऊपर टोला, एकता नगर, टंगा टोली, बैंक कॉलोनी, नायक टोली आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की.

मौके पर कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा, सुरेश बैठा, संजर खान, नसीम अहमद, मनोज कुमार, बसंत उरांव, बादा कच्छप, सिरिना लकड़ा, नाजिमा रजा, शाहिद आदि शामिल थे.

**एकता कमेटी ने की कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील :** भारतीय एकता कमेटी ने कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के लिए लोगों से मतदान की अपील की. कमेटी ने कर्बला टैंक रोड, मिशन चौक, काली स्थान रोड, गुदड़ी चौक आदि मुहल्लों में पदयात्रा कर लोगों से मुलाकात कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की. मौके पर कमेटी अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा, सचिव रामेश्वर राम, मो. निसार, मो. हबीब, पिंटू राम, मो. शमशाद, आलोक कुमार वर्मा, मो. रफीक, एलिस कश्यप, विजय लकड़ा, मो. रेहान, मो. ताहिर, मो. यूनुस आदि शामिल थे.



### आंदोलनकारी नेता प्रभाकर तिर्की ने कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में ग्रामीण क्षेत्रों का किया दौरा, मांगा जनसमर्थन

झारखंड आंदोलनकारी तथा आदिवासी नेता प्रभाकर तिर्की ने बुधवार को रांची लोकसभा क्षेत्र की कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के समर्थन में हटिया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव का दौरा कर लोगों से मतदान की अपील की. ग्रामीणों संग बैठक कर उन्हें संविधान में आदिवासी, दलित, पिछड़ों एवं अल्पसंख्यक समुदाय को संविधान में दिए गए अधिकारों की जानकारी दी तथा संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस को भारी बहुमत से विजयी बनाने का आह्वान किया. मौके पर सपोर तिग्गा, तरूण तिर्की, फरदीनंद तिर्की, अनमोल मिंज, जाबेर तिर्की, जेनेट तिर्की, जौरा चिंता मणि मिंज, मोहन उरांव, पीटर तिर्की, स्टीफन होरो, आश्रिता, प्रतिमा मुंडा, ज्योति होरो, विलियम तिग्गा आदि शामिल थे.

---

# सभी प्रखंडों में 12 वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों के लिए लगेगा निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप

**संवाददाता। रांची**

**झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने सभी जिलों को आवश्यक तैयारी करने के लिए भेजा पत्र**

समावेशी शिक्षा के अंतर्गत संचालित विकलांग व्यक्तियों को सहायक उपकरणों की खरीद, फिटिंग के लिए सहायता योजना (एडीआईपी योजना) के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राज्य के सभी प्रखंडों में 12 वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं सहायक उपकरण वितरण कैंप का आयोजन 10 जून से पांच सितम्बर तक किया जाएगा. राज्य शिक्षा परियोजना द्वारा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम, भुवनेश्वर के सहयोग से सभी प्रखंडों में विभिन्न तिथियों में दिव्यांग बच्चो के लिए जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा. इसके लिए एलिम्को की पांच टीमें राज्य के सभी प्रखंडों में कार्य करेंगी. प्रत्येक टीम में विभिन्न श्रेणियों के विशेषज्ञ शामिल होंगे एवं निर्धारित तिथियों में प्रखंडों में आयोजित होने वाले जांच, वितरण शिविरों में भाग लेंगे.

जांच, वितरण शिविरों के आयोजन से पूर्व जिला एवं प्रखंड द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि शिविर में प्रखंड के सभी दिव्यांग बच्चे जिन्हें सहायक उपकरणों की आवश्यकता है वे भाग ले सकें. जिला एवं प्रखंडस्तरीय कर्मियों की यह जवाबदेही होगी कि गृह आधारित शिक्षण प्राप्त कर रहे दिव्यांग बच्चों को भी इस जांच शिविर के क्रम में आवशयक सहायक सामग्री उपलब्ध हो सके. जांच शिविर पूर्वाह्न नौ बजे से संध्या पांच बजे तक लगाया जाएगा. निर्धारित तिथि से दो सप्ताह पहले ही प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, रिसोर्स शिक्षक, थेरेपिस्ट, बीआरपी, सीआरपी तथा चिन्हित दिव्यांग बच्चों के पोषक क्षेत्र के विद्यालयों के शिक्षकों, प्रधान शिक्षक, ग्राम शिक्षा समिति के ऊपर जरूरतमंद बच्चों को चिन्हित कर उनतक शिविर से संबंधित सूचना पहुंचाने की जिम्मेदारी होगी.

बच्चो को कैंप तक आने में साहूलियत हो, इसके लिए उक्त पदाधिकारियों द्वारा आवश्यकतानुसार वाहन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी. प्रत्येक कैंप में उस क्षेत्र के सभी दिव्यांग बच्चे उपस्थित हो, यह सुनिश्चित कराना होगा. दिव्यांग बच्चो को कैंप तक लाने और ले जाने के लिए शिक्षक और सीआरपी की जिम्मेदारी तय की गयी है. कैंप में बच्चो के लिए भोजन एवं पेयजल की भी पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी.

---

# झारखंड आंदोलनकारियों के हित की बात करनेवालों को ही देंगे वोट: पुष्कर

**संवाददाता। रांची**

झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक बुधवार को डोरंडा स्थित केंद्रीय कार्यालय में जितेंद्र सिंह कुशवाहा की अध्यक्षता में हुई. जिसमें रांची लोकसभा चुनाव के संदर्भ में विचार विमर्श किये गये. निर्णय लिया गया कि झारखंड आंदोलनकारी के राजकीय मान-सम्मान, अलग पहचान, रोजी रोजगार और नियोजन की क्रांति तथा सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रुपए देने के मुद्दे पर समर्थन करने वालों को ही समर्थन देंगे, जो झारखंड आंदोलनकारी की बात करेगा झारखंड आंदोलनकारी उन्हें अपना समर्थन ही नहीं बल्कि एक-एक वोट जुटा कर लोकसभा का चुनाव जिताने का कार्य करेंगे. मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी अपने अधिकारों की रक्षा के लिए कटिबद्ध हैं. राज्य बनने के बाद से झारखंड आंदोलनकारी अपेक्षित जीवन जीने को विवश और लाचार हैं.



### आंदोलनकारियों के मुद्दे पर होगी सकारात्मक पहल : सुबोधकांत

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने मोबाइल पर बात कर राज्यहित में झारखंड आंदोलनकारियों के मुद्दों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया. उन्होंने आंदोलनकारियों से पुत्री यशस्विनी सहाय को अपना आशीर्वाद देने को कहा. मौके पर जिला संयोजक रतन लाल महतो, बंधन तोपो, महबूब अंसारी, अमर भेंगरा, सरोजिनी कच्छप, सुबोध कुमार लकड़ा, मनसुख पूर्ति आदि उपस्थित थे.

---

**पहला चरण** मतदान का प्रतिशत 66.01 रहा, जिसमें पोस्टल बैलेट के आंकड़े शामिल नहीं

# शहर की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में हुआ जमकर मतदान

**संवाददाता। रांची**

देश में लोकसभा चुनाव के चौथे और राज्य के हिसाब से 13 मई को पहले चरण के मतदान में शहरी मतदाताओं की तुलना में ग्रामीणों ने जमकर मतदान किया. मतदान ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि शहरी मतदाताओं की तुलना में ग्रामीण क्षेत्र के मतदाता वोटिंग को लेकर काफी जागरूक हैं और यही वजह है कि मतदान में इनकी भागीदारी शहर की तुलना में अधिक रहती है.

इस बार मतदान का प्रतिशत 66.01 प्रतिशत रहा, जिसमें पोस्टल बैलेट के आंकड़े शामिल नहीं हैं. वर्ष 2019 की तरह ही इस बार मतदान प्रतिशत बना रहा. हालांकि, पलामू में मतदान प्रतिशत करीब तीन प्रतिशत नीचे रहा. खूंटी में सबसे ज्यादा 69.93 प्रतिशत, सिंहभूम में 69.32 प्रतिशत, लोहरदगा में 66.45 प्रतिशत और पलामू में 61.27 प्रतिशत मतदान हुआ जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक वोट सिंहभूम में पड़े थे. यहां 69.26 प्रतिशत मत पड़े थे. इसी तरह खूंटी में 69.25 प्रतिशत, लोहरदगा में 66.30 प्रतिशत और पलामू में 64.34 प्रतिशत मतदान पड़े थे. शहरी क्षेत्र की तुलना में ग्रामीण क्षेत्र मतदान में आगे रहा. खरसावां में 78.38 प्रतिशत, तमाड़ में 72.35 प्रतिशत, चाईबासा में 71.39 प्रतिशत, मांडर में 67.39 प्रतिशत, सरायकेला में 70.98 प्रतिशत और लोहरदगा में 70.05 प्रतिशत मतदान हुआ. इस बार भी शहरी क्षेत्र की तुलना में ग्रामीण क्षेत्र में मतदान अधिक हुए.

जानकारी के मुताबिक सिंहभूम के दुर्गम इलाके जहां पहली बार ग्रामीणों ने अपने गांव में बने बूथ पर मतदान किया, वहां 75 प्रतिशत से अधिक पोल हुए हैं जबकि आदित्यपुर, सरायकेला जैसे शहरी क्षेत्र में 2019 की तुलना में मतदान कम हुए. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के अनुसार घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था, जहां के बूथों पर 70 फीसदी से अधिक मतदान हुए हैं.

पहली बार 24 ऐसे बूथों पर लोगों ने इस चरण में मतदान किया, जहां हमेशा चुनाव के वक्त ग्रामीणों को दूसरे जगह बने बूथ पर जाना पड़ता था. इस बार उन्हें अपने गांव में ही मतदान का मौका मिला. पहले चरण में सभी चारों संसदीय क्षेत्र में 639 शहरी और 6956 ग्रामीण क्षेत्र में मतदान केंद्र बनाए गए थे, जिसमें 1376 बूथ घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में थे.



---

# सातवां चरण : स्क्रूटनी के बाद राजमहल में 15 गोड्डा में 21 और दुमका से 19 उम्मीदवार मैदान में

**संवाददाता। रांची**

बुधवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने निर्वाचन भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि सातवें चरण के लिए होने वाले तीन संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के चुनाव के लिए स्क्रूटनी का काम पूरा हो गया. स्क्रूटनी के बाद तीनों संसदीय क्षेत्र में मिलाकर कुल 55 प्रत्याशी मैदान में बचे हैं. उन्होंने बताया कि बुधवार को स्क्रूटनी के दौरान राजमहल (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 17 में से 2 प्रत्याशी का नामांकन रद्द हो गया. इस तरह इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से अब कुल 15 प्रत्याशी बचे हैं. वहीं दुमका (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से नामांकित 22 उम्मीदवारों में से 3 के नामांकन खारिज हो गए. यहां अब 19 उम्मीदवार रह गये हैं. गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से स्क्रूटनी के बाद सर्वाधिक 8 उम्मीदवारों के नामांकन रद्द हुए हैं. यहां अब 21 उम्मीदवार बचे हैं. 17 मई को नाम वापसी की अंतिम तारीख है. उसके बाद उम्मीदवारों की वास्तविक संख्या निश्चित हो जाएगी.

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार मतदान वाले क्षेत्रों से जुड़ी दूसरे राज्यों की सीमा पर संबंधित राज्य से समन्वय बनाकर चौकसी जारी है.



### खास बातें

- तीन संसदीय क्षेत्रों के लिए स्क्रूटनी का काम हुआ पूरा
- तीनों क्षेत्रों में 13 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र रद्द किये गये

**श्रद्धा-भक्ति :** गुरुद्वारा साहिब की ओर से 28 मई से दो जून तक चलाया जाएगा गुरमत ट्रेनिंग कैंप

# गुरुद्वारा साहिब में चल रहा सुखमणि साहिब जी का सामूहिक पाठ

संवाददाता। रांची



गुरुद्वारा साहिब में इन दिनों स्त्री सत्संग सभा की ओर से नित्य गुरु अर्जन देव जी द्वारा रचित वाणी सुखमणि साहिब जी का सामूहिक पाठ किया जा रहा है. श्रीगुरु सिंह सभा, मेन रोड गुरुद्वारा साहिब में बुधवार को भी दिन के साढ़े तीन बजे से स्त्री सत्संग सभा की ओर से पाठ किया गया. सभा कीअध्यक्ष सुरेंद्र पाल कौर, सचिव खेम कौर, परमजीत कौर, संध्या रानी मेहता, सानिया भसीन, तरनजोत कौर, अलंग लखविंदर कौर, सतपाल कौर आदिन ने इसमें खास तौर से हिस्सा लिया. पाठ का समापन सात जून को होगा.

प्रो हरविंदर बीर सिंह ने बताया कि गुरुद्वारा साहिब की ओर से गुरमत ट्रेनिंग कैंप 28 मई से दो जून तक चलाया जायेगा. इसमें पांच से 15 वर्ष के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं. भाग लेने के इच्छुक 25 मई तक निबंधन करा सकते हैं. उन्होंने बताया कि नौ जून से दो दिनी गुरु अर्जन देव जी का शहादत दिवस श्रद्धा पूर्वक मनाया जायेगा. पहले दिन मेन रोड गुरुद्वारा साहिब में रात्रिकालीन दीवान सजेगा. दूसरे दिन दस जून को गुरुनानक स्कूल, पीपी कंपाउंड में शहादत दिवस मनाया जाएगा. इसमें पटना साहिब के रागी भाई सरबजीत सिंह जी खास तौर से भाग लेंगे.

**तीन सौ महिलाएं कर रही हैं पाठ**

गुरुद्वारा साहिब, रातू रोड में स्त्री सत्संग सभा की तीन सौ महिलाएं सुखमणि साहिब जी का सामूहिक पाठ कर रही हैं. बुधवार को पाठ का 14वां दिन पूरा हो गया. मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि पाठ 40 दिनों तक क्रमवार चलेगा. इसके समापन के बाद गुरुद्वारा साहिब में तीन दीवान सजाये जायेंगे. पहला दीवान 15 जून को प्रातः और रात्रिकालीन सजेगा. अंतिम दीवान 16 जून को दिन के दस बजे से सजाया जायेगा. इसमें स्थानीय और बाहर से आये रागी जत्था खास तौर से शिरकत करेंगे.

# रोचक और शिक्षाप्रद गतिविधियों का केंद्र रहा सरला बिरला स्कूल

संवाददाता। रांची



सरला बिरला पब्लिक स्कूल में समर कैंप एक्सट्रावेगेंजा 2024 का आयोजन किया गया. पूरा विद्यालय परिसर बच्चों के उत्साह और उल्लास से गूंज उठा. इस कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की प्राचार्या परमजीत कौर ने किया. जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को ऐसा अवसर प्रदान करना था, जिनमें वे विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपने कौशल को उभार सकें. स्कूल ने एनईपी 2020 और एनसीएफ 2023 के अनुरूप छात्रों के लिए विभिन्न रचनात्मक और ऊर्जावान कला और खेल एकीकृत गतिविधियों का आयोजन किया.

कविता द्विवेदी द्वारा ओडिसी नृत्य पर एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई, जो स्पिक मैके से संबंधित थी. उन्होंने छात्रों को इस नृत्य शैली के महत्व और प्रासंगिकता से अवगत कराते हुए बहुत ही शालीनता और सुंदरता के साथ प्रशिक्षित किया. कविता इस क्षेत्र में एक अनुभवी प्रशिक्षक रही हैं. ब्रश एंड बियॉन्ड के अंतर्गत पारंपरिक कला रूपों को ध्यान में रखते हुए छात्रों को सोहराई और मधुबनी पेंटिंग सिखाए गए. इसके अलावा छात्रों ने बुकमार्क बनाना, क्ले मॉडलिंग, छाता पेंटिंग, रचनात्मक फाइल कवर बनाना, टी-शर्ट पेंटिंग आदि भी सीखा. अतिथि शिक्षक ने, मैथ मैजिक के तहत गणित के कठिन से कठिनतम सवालों को चुटकियों में सुलझाने के ट्रिक बताये. रोबो ट्रिक्स बच्चों का पसंदीदा विषय रहा, जिसमें बच्चों को रोबोट के बेसिक पार्ट्स के बारे में बताया गया. रोबोट को कैसे प्रोग्राम कर सकते हैं, इसे बच्चों ने स्वयं करके दिखाया. प्राचार्या परमजीत कौर ने समर कैंप में भाग लेने वाले बच्चों की सराहना की.

## ब्रीफ खबरें

### जीईएल चर्च में 19 को मनेगा पेंतीकोष्ट पर्व

**रांची।** मेन रोड स्थित जीईएल चर्च में 19 मई को पेंतीकोष्ट पर्व मनाया जाएगा. इस दिन कलीसिया के लिए खास दिन होता है, क्योंकि यीशु की मृत्यु में जी उठने (ईस्टर) के 50 वां दिन यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है. इस दिन कलीसिया यीशु की विनती करेंगे. इस पर्व को पेंतीकोष्ट संडे भी कहा जाता है. जीईएल चर्च के फादर निरल बागे ने बताया कि इस दिन चेलों पर पवित्रात्मा का अवतरण हुआ था. यीशु के चेले येरुसलेम में पेंतीकोष्ट पर्व के दिन इकट्ठा हुए थे. सैंकडो चेलों पर पवित्र आत्मा उतरी थी. लोगो को यीशु के चेला पतरस ने यीशु के बारे में बताया था. यीशु के बारे में सुनकर लगभग तीन हजार लोगों ने बपतिस्मा लिया था.

### बुद्ध पूर्णिमा 23 को, उत्सव मनायेंगे बौद्ध धर्मावलंबी

**रांची।** बुद्ध पूर्णिमा 23 मई को धूमधाम से मनायी जायेगी, बौध धर्मावलंबी इस दिन जहां अपने इष्ट का जन्मोत्सव मनायेंगे, वहीं सनातनी श्रीहरि की भक्ति में रमे रहेंगे. स्नान, दान-पुण्य कर श्रीविष्णु के श्रीचरणों में श्रद्धा के पुष्प चढ़ायेंगे. मंदिरों में दर्शन-पूजन का सिलसिला देर शाम तक चलेगा. विविध स्थानों पर भजन-संकीर्तन का खास आयोजन भी किया जायेगा. नेपाल हाउस परिसर और जैप वन के आवासीय परिसर में सुबह से देर शाम तक कार्यक्रमों का क्रमवार सिलसिला चलेगा. बौद्ध सोसाइटी की ओर से परिसर स्थित बौद्ध मंदिर में सुबह छह बजे से पूजा शुरू होगी.

### रांची विवि में इंडोर खेल स्टेडियम की मांग

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति को ज्ञापन सौंपा गया. ज्ञापन में विश्वविद्यालय में इंडोर स्टेडियम बनाने की मांग की गई है. ओम वर्मा का कहना है कि रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले विभिन्न कॉलेजों में जगह की कमी होने के कारण कई खेल नहीं हो पाते हैं, जिससे रांची विश्वविद्यालय के छात्र व खिलाड़ी को अपने प्रतिभा के अनुसार खेल खेलने में असमर्थ हैं. रांची विश्वविद्यालय द्वारा खेल शुल्क के नाम हर वर्ष छात्र-छात्राओं से फीस ली जाती है, पर उनके हिसाब से सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाती.

**आयोजन :** सरला बिरला विवि में भारतीय ज्ञान परंपरा पर विशेषज्ञ वार्ता

# सफलता के लिए अंतःकरण की शुद्धता आवश्यक : मिथिलेश

संवाददाता। रांची



सिद्धिपीठ हनुमत निवास, अयोध्या के महंत आचार्य मिथिलेश नंदनी शरण ने कहा कि जीवन की सफलता के लिए अंतःकरण की शुद्धता जरूरी है. इससे उचित और अनुचित की समझ विकसित होती है. व्यक्ति को जब अच्छे और बुरे का ज्ञान हो जाता है तो वह स्वतः सन्मार्ग की ओर अग्रसारित हो जाता है. आचार्य जी सरला बिरला विश्वविद्यालय में बुधवार को आयोजित 'भारतीय ज्ञान परंपरा में मन, शरीर और आत्मा का संतुलन' विषय पर विशेषज्ञ वार्ता पर बतौर मुख्य वक्ता विचार व्यक्त कर रहे थे.

उन्होंने धर्म की व्याख्या करते हुए इसे आंख वालों की यात्रा बताया. उन्होंने शरीर का महत्व समझाते हुए इसे साधन की संज्ञा दी. कहा कि हम शरीर नहीं, अपितु आत्मा हैं. नर तन नश्वर है. पर आत्मा अजर-अमर है. अतः हम समय रहते आत्मकल्याण के लिए यत्न करें, तभी मानव जीवन की सार्थकता है. मिथिलेश नंदनी शरण ने बुद्धि और चित्त के संतुलन पर भी कई दृष्टांत देते हुए अपनी बातों को और स्पष्ट किया.

**खास बातें**

- सिद्धिपीठ हनुमत निवास, अयोध्या के महंत हैं मिथिलेश नंदनी शरण
- कुलपति डॉ. गोपाल पाठक ने दिया अध्यात्म पर विशेष जोर

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गोपाल पाठक ने भारतीय ज्ञान और परंपरा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि व्यक्ति को आध्यात्मिक रूप से सुदृढ़ होना चाहिए. उन्होंने श्रीराम की माता कौशल्या का उदाहरण देते हुए कहा कि मां से मिलने वाली सीख और ज्ञान सर्वोपरि है. डीन डॉ. नीलिमा पाठक ने मन की उपयोगिता की बात करते हुए अष्टावक्र से लेकर आधुनिक युग में स्टीफन हॉकिंग और सुधा चंद्रन का उदाहरण दिया. स्वागत भाषण डॉ. संदीप कुमार और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. आरएम झा ने किया. मौके पर फैजाबाद के पूर्व जिला जज ज्ञानप्रकाश तिवारी, लोक अभियोजक ज्ञानप्रकाश पांडेय, विवि के कुलसचिव डॉ. वीके सिंह सहित विवि के अन्य शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे. विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति विजय कुमार दलान और डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने सभी को शुभकामनाएं दी.

### एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत परिणाम



रांची। हरमू रोड स्थित सीबीएसई एस्कॉट इंटर नेशनल स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है, जिसमें सीबीएसई बोर्ड की 10वीं कक्षा में नव्या सिंह 93 .2 प्रतिशत लाकर प्रथम स्थान, सुहानी 92 .4 लाकर द्वितीय स्थान व आरती और नेहा 90 % लाकर तीसरे स्थान पर रहीं. प्लस टू के विज्ञान संकाय में माही गुसा ने 90 प्रतिशत लाकर प्रथम स्थान, अनीश 85 .2 % लाकर द्वितीय स्थान व आयुष 82 .2 % लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया. और वाणिज्य संकाय में लक्ष्मी ने 86 .2 प्रतिशत लाकर प्रथम स्थान, रितिका कुमारी 80 प्रतिशत लाकर द्वितीय स्थान व नंदिता 72 % लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया.

### गुरु नानक स्कूल के विद्यार्थियों का 10वीं-12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन



रांची। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के 10वीं और 12वीं की परीक्षा में गुरु नानक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है. कक्षा 12वीं के विज्ञान संकाय में अरीबा शाहीन ने 95 प्रतिशत, वाणिज्य संकाय में रौनक कुमार ने 95 % और कला संकाय में कशमाला साजमीन ने 92% हासिल किए हैं. वहीं कक्षा दसवीं में अनुषा आनंद ने 95%, सुहानी सिंह ने 95%, गौरव कुमार वर्मा तथा अनुशया नाजली ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी मेधा कौशल का शानदार प्रदर्शन किया है. विद्यार्थियों की इस सफलता पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ. कैप्टन सुमित कौर ने छात्रों को बधाई दी और उनका उत्साह वर्धन किया.

### चिरंजीवी प्रथम बैच के विद्यार्थियों ने हासिल की उत्कृष्ट सफलता



**रांची।** चिरंजीवी कॉन्सेप्ट स्कूल, होचर, रांची के प्रथम बैच के विद्यार्थियों ने कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता हासिल की. 75 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 909 से ज्यादा अंक प्राप्त किया. विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा. विद्यालय की छात्रा मैत्री धारा 929 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहीं, वहीं रेचल बॉबी एंटनी 91.2% प्रतिशत तथा श्लोक नाथ ने 919 अंक प्राप्त कर क्रमशः दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहे. विद्यालय की छात्रा मैत्री धारा ने अंग्रजी में 95 , गणित में 95 तथा श्लोकनाथ ने भी गणित विषय में 95अंक प्राप्त किया. हिंदी में प्रियांशु सिंह ने 94 अंक प्राप्त किया. साइंस में मैत्री धारा ने 91 तथा सोशलसाइंस में अपूर्व ने 94 अंक प्राप्त किया.

### सम्मानित की गयीं राईन उर्दू गर्ल्स माध्यमिक स्कूल की छात्राएं



**रांची।** मेनरोड स्थित राईन उर्दू गर्ल्स स्कूल माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को सम्मान समारोह आयोजित किया. मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) विनय कुमार सिंह शामिल हुए. दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुरू हुआ.इस दौरान इंटरमीडियट परीक्षा में सफल हुईं छात्राओ को सम्मानित किया गया. छात्राओं को सम्बोधित करते हुए डीईओ ने कहा कि परिश्रम की सफलता की कुंजी है.इसे निखारने की जरूरत है. मेहनत एवं लगन से ही प्रतिभा निखरती है. जीवन के सफर में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है.स्कूल की प्रिंसिपल फरहीन नाज़ ने कहा कि जो बच्चे ईमानदारी से मेहनत करते हैं. वे हमेशा सफल होते हैं. सभी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया.

हॉकी रांची लीग का आयोजन

# पुरुष में गुमला व महिला वर्ग में सुपर क्वीन क्लब की टीम जीती



संवाददाता। रांची

हॉकी झारखंड के सहयोग से हॉकी रांची द्वारा आयोजित हॉकी रांची लीग में बुधवार को पुरुष वर्ग में गुमला व महिला वर्ग में सुपर क्वीन वीमेन क्लब की टीम ने अपने-अपने मुकाबले जीते. महिला वर्ग में सुपर क्वीन वीमेन क्लब ने न्यू राइजिंग हुलहुंदू को एकतरफा मुकाबले में 8-1 से हराया. पुरुष वर्ग में हॉकी गुमला ने जादूर अखाड़ा खूंटी के खिलाफ 4-2 से जीत दर्ज की. आयोजन को सफल बनाने में हॉकी रांची के माइकल लाल, जयंत केरकेट्टा, असरिता लकड़ा, मनोज प्रधान, करुणा पूर्ति, नोमिता टोप्पो, नीतू कुमारी, प्रमोद केरकेट्टा, डेनिस केरकेट्टा, अभिषेक साहू समेत अन्य लोग शामिल थे.

**खास बातें**

- सुपर क्वीन ने न्यू राइजिंग को किया पराजित
- हॉकी गुमला जादूर अखाड़ा खूंटी के खिलाफ जीत दर्ज की

### रांची में चला मतदाता जागरूकता अभियान



**रांची ।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन, अग्रवाल सभा एवं मारवाड़ी सहायक समिति के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया. अभियान में भाग ले रहे जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन एवं संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने मतदाताओं से मिल कर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया. उन्होंने बताया कि 25 मई को रांची में होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. इसके अंतर्गत एक प्रचार वाहन द्वारा भी शहरी क्षेत्रों एवं सुदूर इलाकों में प्रचार प्रसार किया जा रहा है.

राज हॉस्पिटल में मनाया गया विश्व नर्स दिवस, याद की गयीं माडर्न नर्सिंग की संस्थापक

# नर्सों को मिला सम्मान, सेवा भाव की सराहना

संवाददाता। रांची



राज हॉस्पिटल में रविवार 12 मई को विश्व नर्स दिवस मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत केक काटकर की गयी. इस अवसर पर उपस्थित अस्पताल प्रबंधन के वरिष्ठ पदाधिकारियों, नर्सों और कर्मियों ने मॉडर्न नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल को याद किया. इसके बाद कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को संबोधित किया और नर्सों की सेवा भावना की सराहना कर उनका उत्साहवर्धन किया.

इस दौरान नर्सों ने कई रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये. इसके बाद विश्व नर्स दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया. साथ ही नर्सों के बहुमूल्य सहयोग की सराहना करते हुए वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अस्पताल की कई नर्सों को उनकी निस्वार्थ सेवा, कड़ी मेहनत और लगन से अपने कार्य को करने के लिए सम्मानित किया.

**मरीजों के ठीक होने में जितना चिकित्सकों का श्रेय, उतना नर्सों का भी :** हॉस्पिटल के चिकित्सा निदेशक ने कहा कि सभी लोग मरीजों के ठीक होने का श्रेय डॉक्टरों को देते हैं. लेकिन व्यक्तिगत तौर पर मुझे ऐसा लगता है कि जितना श्रेय चिकित्सकों का है, उतना ही नर्सों का भी है. अगर ये चिकित्सकों के बताये हुए निर्देशों का सही तरीके से पालन ना करे तो मरीजों का सही ढंग से इलाज नहीं हो पाएगा. उन्होंने कहा कि कुछ मरीजों के परिजन नर्सों से दुर्व्यवहार करते हैं या अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, जो सही नहीं है. कहा कि हमें याद रखना चाहिए कि नर्स मरीजों का देखभाल अपने परिवार के सदस्य की तरह करती हैं. वो मरीजों को अपना परिवार ही मानती हैं. ऐसे में अगर उनसे कोई दुर्व्यवहार करता है तो वो हतोत्साहित हो जायेगी. उन्होंने नर्सों की सेवा भावना की सराहना की और उनका उत्साहवर्धन किया. उन्होंने नर्सों को सलाह देते हुए कहा कि अगर आप दवाइयों के साथ-साथ अगर काउंसलिंग, हाइजीन और हेल्थ एजुकेशन पर भी ध्यान दें तो मरीजो को जल्द ठीक करने में मदद मिलेगी.

**प्रतिभा** त्रिपुरा की संस्था की तीन ऑनलाइन चित्रकला प्रतियोगिताओं में मिला प्रथम स्थान

# सात वर्षीय विवान ने पेंटिंग में जीते तीन राष्ट्रीय पुरस्कार

संवाददाता। रांची



डोरंडा के रहने वाले कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स के सात साल के विवान शौर्य ने अपनी प्रतिभा के बल पर झारखंड का नाम राष्ट्रीय पटल पर रोशन किया है. विवान ने इस उम्र में त्रिपुरा राज्य की प्रतिष्ठित संस्था रोंगतुली द्वारा आयोजित तीन ऑनलाइन चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है. पुरस्कार स्वरूप विवान को तीन ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है. विवान ने ऐसो दुर्गा, बाल दिवस एवं नववर्ष प्रतियोगिताओं में बेस्ट अचीवमेंट अवार्ड जीता है. इस प्रतियोगिता में किसी भी आयु के प्रतिभागी हिस्सा ले सकते थे. विवान ने तीन प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर इस प्रतियोगिता में एक नया कीर्तिमान बनाया है.

**शिक्षकों ने दी बधाई :** इस प्रतियोगिता में विवान ने अपनी अद्भुत चित्रकला से जजों को अचंभित कर दिया. विवान जवाहर विद्या मंदिर श्यामली में कक्षा 3 का छात्र है. विवान की इस उपलब्धि पर स्कूल के प्राचार्य समरजीत जाना एवं सभी शिक्षकों ने भी बधाई दी है.

**इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज :** इससे पूर्व विवान ने सबसे कम उम्र में 129 पेंटिंग्स बनाने के लिए अपना नाम इंडिया बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स में दर्ज कराया था. विवान के गुरु और पिता धनंजय कुमार खुद भी प्रख्यात चित्रकार हैं और कलाकृति स्कूल ऑफ़ आर्ट्स के संस्थापक हैं. उन्होंने बताया कि विवान ने दो वर्ष की छोटी उम्र से ही पेंटिंग बनानी शुरू कर दी थी.

### लॉकडाउन के समय का किया सदुपयोग

विवान छोटी सी उम्र से ही अपने पिता के मार्गदर्शन में चित्रकारी के गुर सीख रहा था. लॉकडाउन के समय का सदुपयोग कर विवान ने पेंटिंग्स बनाना शुरू किया. लगभग 150 से अधिक पेंटिंग्स बनाई है. विवान अबतक 100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर का पुरस्कार जीत चुका है. विवान की माता रजनी कुमारी ने बताया कि विवान पेंटिंग के अलावा एक्टिंग, रोल प्ले, कहानी वाचन, भाषण, कविता वाचन और पियानो में भी अपनी प्रतिभा से बड़े-बड़े मंच पर सबको चौंका देता है और पुरस्कार भी जीतता है.


**This may be published in Newspapers and TV from the day follwbing the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll.**

**Format C-I**

(for Candidates to published in Newspaper, TV)

Declaration about criminal Cases

(As per the judgement dated 25th September, 2018 of Honble Superme Court of WT Civil No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors Ex. Union of India & Otr.

Name and address of candidate : SRI RAM SINGH

Name of political party : INDEPENDENT

(Independent candidates should write *Independent* here)

Name of Election : LOK SABHA

*Name of Constituency : 4 CHATRA

I ........................................ (Name of candidate), a candidate for the abovementioned election\, declare for public information the following details about my criminal antecedents :

(A Pending criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Principal Distt & Session Judge Garhwa, Jharkhand | S.T. No. 200/2019 | Pending Trial | U/S 147, 148, 149, 341, 323, 337, 338, 353, 307, 338, 371, 511, 188 I.P.C and 126, 127 R. P. Act. |

(B) Details about cases of conviction of criminal offences

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & Punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| NIL | Not applicable | NIL | NIL |
| | | | |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, Mention the election concerned in place of name of constituency.

**SRIRAM SINGH**
**(IMDEPENDENT CANDIDATE)**
**(Signature of Candidate)**

## डीएसपी के नेतृत्व में बेड़ो, लापुंग,नरकोपी और इटकी थाना पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई

# छह पिकअप वैन में लदे 67 गोवंशीय पशुओं को कराया मुक्त

**खास बातें**

- मवेशियों को पुलिस ने बरामद कर कत्लखाना जाने से बचाया
- एक चालक जमील खान गिरफ्तार, शेष सभी फरार

सुनील कुमार गुप्ता। लापुंग

डीएसपी अखिल नीतिश कुजूर के नेतृत्व में बेड़ो, लापुंग, नरकोपी और इटकी थाना पुलिस के संयुक्त कार्रवाई से छह पिकअप वैन में ठूंस ठूंस कर लादकर कत्लखाना ले जाए जा रहे लगभग 67 गोवंशीय पशुओं को बरामद कर लिया गया. वहीं एक पिकअप वैन में लदे गोवंशीय पशुओं सहित पशु तस्कर भागने में सफल रहे. वहीं छह पिकअप वैन को पुलिस ने जब्त कर लिया है.





### पिक-अप वैन में ठूंस- ठूंस कर लादा था

पिक-अप वैन में लदे गोवंशीय पशुओं को बेरहमी से ठूंस ठूंस कर लादकर ले जाया जा रहा था. पुलिस सूत्रों के अनुसार एक एक पिकअप वैन में 12 से 15 गोवंशीय पशुओं को लादा गया था. डीएसपी अखिल नीतिश कुजूर के नेतृत्व में बेड़ो थाना प्रभारी नकुल शाह सहित बेड़ो के सशस्त्र बल ने गोवंशीय पशु को तस्करी के लिए बाहर ले जाने की गुप्त सूचना के आलोक में लोहरदगा एवं रांची सहित गुमला जिले के बोर्डर पर रात के एक बजे राज विद्या केंद्र आश्रम के निकट घेराबंदी की थी. लेकिन छह अलग-अलग वाहनों में गोवंशीय पशुओं को ले जा रहे तस्कर तुको दिघिया की ओर मुड़कर भाग निकले लेकिन पुलिस की टीम पीछा करती रही. पशु तस्कर अचानक फिर दिघिया से ईटा चिल्दरी की ओर मुड़कर पुरनापानी के पास दोलैचा की ओर मुड़ गए. जंगल होते हुए तस्कर लापुंग थाना क्षेत्र के दोलैचा से ककरिया की ओर मुड़े. वहीं दोलैचा रोड ककरिया में थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव मौके पर मौजूद थे.

### बैरिकेटिंग कर पशु तस्करों को दबोचा

उन्होंने ककरिया के अंबाटोली के पास बैरिकेटिंग कर पशु तस्करों के पिकअप वैन को रोक लिया. लापुंग थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव ने ककरिया के पास बैरिकेटिंग लगाकर पशु तस्करों को रोकने में कामयाब हो गए लेकिन वाहन छोड़कर पशु तस्कर भाग निकलने में सफल हो गए. लेकिन वाहन समेत लगभग 67 के लगभग पशुओं को पकड़ने में सफलता अर्जित किया. जिसमें से दो गायों की मौत हो गई. लापुंग के पशु चिकित्सक डॉ ज्ञानचन्द्र आर्य ने शेष गोवंशीय पशुओं का इलाज किया.

### ग्रामीणों के बीच बांटे गये सभी मवेशी

लापुंग के थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव ने ग्रामीणों की मदद से सभी पशुओं के लिए सूखा चारा और टैंकर से पानी का व्यवस्था किया. कोशिश की जा रही है कि और किसी भी गोवंशीय पशुओं की जान ना जाय. इस दौरान थाना के गेट पर गोवंशीय पशुओं को लेने के लिए सैकड़ों लोगों की भीड़ सुबह 10:00 बजे से शाम सात बजे तक जमा रही. अन्तत: देर शाम लगभग सात बजे के बाद जिम्मानामा लिखवाकर लापुंग के विभिन्न गांवों के किसानों के बीच गोवंशीय पशुओं का वितरण कर दिया गया. रात के एक बजे से चला पुलिस का आपरेशन सुबह पांच बजे तक जारी था.

# युवक के गले में बेल्ट और पेचकस घोंपकर हत्या की

संवाददाता। बेड़ो



नरकोपी थाना क्षेत्र के करकरी फाटक के निकट 22 वर्षीय संजीत गोप पिता नारायण गोप की नृशंस हत्या कर दी गई. पुलिस सूत्रों के अनुसार हत्यारों ने संजीत के गले में बेल्ट गला में घोंपकर तथा पेचकस से गोद कर उसे मार डाला और शव को छुपाने की नियत से पुआल के गांज में छिपा दिया था. शव से मिलने वाली दुर्गंध से लोगों को शंका हुई तो उन्होंने पुलिस को सूचित किया. मृतक गोके गांव का रहने वाला था. पुलिस ने दावा किया है कि बहुत जल्द हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा. मामले की गहराई से छानबीन चल रही है. मामला दर्ज कर लिया गया है. नरकोपी पुलिस के अनुसार एक अज्ञात व्यक्ति के शव के बारे में नरकोपी थाना प्रभारी को सूचना मिली थी, सूचना के सत्यापन के पश्चात उक्त व्यक्ति की पहचान संजीत गोप, पिता नारायण गोप, उम्र 22 वर्ष ग्राम गोके, थाना नरकोपी, जिला रांची का रहने वाले के रूप में किया गया. शव को नरकोपी पुलिस कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है. शव के मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है.

**खास बातें**

- शव को पुआल के गांज में छुपाकर रखा दिया था
- नरकोपी थाना क्षेत्र के करकरी फाटक के पास की घटना

## ब्रीफ खबरें

### बुढ़मू में शिव मंडा पूजा को लेकर हुई बैठक

**बुढ़मू।** पिठोरिया थाना क्षेत्र के काटमकुली गांव में ग्रामीणों की बैठक समाजसेवी मोतीराम महतो की अध्यक्षता में हुई. बैठक में दो जून को गांव में मंडा पूजा का फुलखुन्दी अनुष्ठान व 3 जून को झूलन सह मेला आयोजित करने का निर्णय लिया गया. मंडा पूजा की सफलता को लेकर एक कमेटी का भी गठन किया गया. जिसमें अध्यक्ष सुरेंद्र महतो,सचिव मुकेश कुमार व कोषाध्यक्ष रामसुंदर महतो चुने गए. वहीं कमेटी में संरक्षक गणेश महतो,भुनेश्वर लोहरा,विकास मुंडा,रघुवीर महतो चुने गये. मौके पर दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे.

### मरीजों के बीच फाइलेरिया किट का किया वितरण

**सिल्ली/मुरी।** प्रखंड के लुपुंग पंचायत के लुपुंग टोला में सामुदायिक अस्पताल की ओर से फाइलेरिया मरीजों के बीच फाइलेरिया किट का वितरण किया गया. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मुकेश कुमार , मुखिया सीमा कुमारी गोंझु, जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ शाहिद करीम साबरी, वीडीबी राजकुमारी विद्योक्तमा, मलेरिया इंस्पेक्टर अनिल प्रसाद द्वारा इलाके के 12 फाइलारिया मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का वितरण किया गया. फाइलेरिया ग्रस्त लोगों को फाइलेरिया किट इस्तेमाल करने की विधि तथा फाइलेरिया से बचाव की जानकारी दी गई. इस मौके पर सीएचसी से संजीव कुमार महतो, शशिभूषण चौबे, सुरेंद्रनाथ महतो, एएनएम सुनंदा जयसवाल एवं क्षेत्र की स्वास्थ्य सहिया मौजूद थी.

### कल्याणपुर में भाजपा का चुनाव कार्यालय खुला

**पिपरवार।** भाजपा पिपरवार मंडल द्वारा कल्याणपुर में आगामी 20 मई भाजपा चतरा लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह का चुनाव कार्यालय का उद्घाटन बुधवार को किया गया. चुनाव कार्यालय का विधिवत उदघाटन पूजा अर्चना कर टंडवा प्रखंड प्रमुख रीना कुमारी ने किया. चुनाव कार्यालय उद्घाटन के दौरान मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि यह कार्यालय कल्याणपुर, बहेरा एवं बेंती पंचायत में चुनाव प्रचार प्रसार के लिए खोला गया है. इस मौके पर प्रभारी विजय चौबे, प्रभारी गणेश गुप्ता मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा, विक्की मलाकार बबीता देवी, अरूण उरांव, धनराज भोगता, राधवेन्द्र सिंह, प्रकाश महतो, गोलू केशरी, सहित कई कार्यकता मौजूद थे.

## असम के सीएम ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में की चुनावी सभा

# भ्रष्टाचार के मामले में झारखंड नंबर वन: हिमंत

- झारखंड में अभी से ही करें विधानसभा चुनाव की तैयारी

प्रमुख संवाददाता। रामगढ़/रांची

असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा है कि भ्रष्टाचार के मामले में झारखंड नंबर वन बन गया है. यहां नौकर के घर से 37 करोड़ कैश मिलता है. अगर ईडी-सीबीआई नहीं होती, तो कांग्रेस के सांसद के पास से 350 करोड़ रुपये कहां से मिलते. हमें ईडी-सीबीआई चाहिए, ताकि जिन लोगों के घरों में अभी भी अवैध रूप से अर्जित पैसा है, वह भी निकाला जाए.

सरमा बुधवार को रामगढ़ जिले के रजरप्पा स्थित आवासीय खेल मैदान में जनसभा को संबोधित कर रहे थे. इस दौरान उन्होंने हजारीबाग लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में वोट देने की अपील की. असम के सीएम ने बिना किसी का नाम लिये राज्य में हुए पेपर लीक प्रकरण पर भी चंपाई सरकार पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि मैं जब मुख्यमंत्री बना, तो मोदी जी ने मुझसे कहा कि तुम्हें पहले साल में ही एक लाख नौकरियां देनी पड़ेंगी. मैंने एक साल में एक लाख नौकरियां दे दी, न पेपर लीक हुआ और ना ही कोर्ट में मामला फंसा. सरमा ने कहा कि देश को विश्वगुरु बनाने के लिए पीएम मोदी को जीताना है. यह भी कहा कि देश में यूसीसी लागू करने, ज्ञानवापी में मंदिर बनाने और युवाओं को रोजगार देने के लिए हमें 400 सीटें चाहिए.

**देश में धर्म के आधार पर नहीं हो सकता आरक्षण :** सरमा ने कहा कि कांग्रेस मुसलमानों को आरक्षण दे रही है. देश में धर्म के आधार के पर आरक्षण नहीं हो सकता है. झारखंड खनिज संपदाओं से भरा हुआ है. ये राज्य देश का नंबर वन प्रगतिशील राज्य बन सकता है. लेकिन भ्रष्टाचार के मामले में नंबर वन बन गया है. यहां के नेता खनिज संपदा खा रहे हैं.

### युवाओं के उत्थान के लिए चाहिए डबल इंजन की सरकार



### जहां भाजपा की सरकार, वहां हर तरह का विकास

असम के सीएम ने भाजपा व गैर भाजपा सरकार वाले राज्यों को लेकर तुलना करते हुए गठबंधन को आड़े हाथों लिया. उन्होंने कहा, जहां भाजपा की सरकार है, वहां सड़क, नाली, स्कूल सभी चीजों का विकास हो रहा है. जबकि जहां भाजपा की सरकार नहीं है, उस राज्य में भ्रष्टाचार व्याप्त है. कोई काम नहीं होता है. मोदी जी के नेतृत्व में हमें डबल इंजन की सरकार बनानी है. उन्होंने कहा कि झारखंड में युवाओं के उत्थान के लिए डबल इंजन की सरकार चाहिए. अभी से ही विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं. हमें करप्ट सीएम नहीं, बल्कि जनता की आवाज बनने वाला सीएम चाहिए.

### मथुरा और काशी में मंदिर बनाने के लिए हमें चाहिए 400 पार सीटें

असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने गिरिडीह के देवरी प्रखंड में आयोजित चुनावी जनसभा में 400 पार के नारे की बड़ी वजह बताई. उन्होंने कहा पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को वर्ष 2019 में 300 सीटें मिलीं, तो अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण कर प्राण प्रतिष्ठा की. अगर 400 सीटें होंगी, मथुरा में भगवान कृष्ण का मंदिर बनाएंगे और काशी में ज्ञानवापी मस्जिद की जगह भी मंदिर बनाएंगे.

### हर बल्लेबाज पिछले से बड़ा रिकॉर्ड ही बनाना चाहता है

सरमा ने कहा कि एक बल्लेबाज जब मैदान में उतरता है, तो वह अपने पिछले रिकॉर्ड से बड़ा रिकॉर्ड बनाना चाहता है. एक बार सेंचुरी मारने के बाद उसकी चाहत होती है कि कि वह डबल सेंचुरी मारे. फिर ट्रिपल सेंचुरी मारने की भी उसकी इच्छा रहती है. पीएम त्रिपल सेंचुरी पिछले चुनावों में मारी थी. अब 400 से ज्यादा सीटें जीतना चाहते हैं. इतनी सी बात इंडिया गठबंधन को समझ में नहीं आती. सभा को सांसद दीपक प्रकाश, जमुआ विधायक केदार हाजरा और पूर्व आईजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने भी संबोधित किया.

### बिरसा उरांव ने ओरमांझी में चलाया प्रचार अभियान

**ओरमांझी।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ बिरसा उरांव ने बुधवार को को प्रखंड क्षेत्र के सदमा पंचायत के होचई, टुनटुन, धकजीवन, सांति, आदि गांवों में प्रचार अभियान चलाया. इस दौरान भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की. प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर बिरसा उरांव ने लोगों से अपील की कि आपका वोट एक-एक बहुमूल्य हैं इसलिए आप मतदान जरूर करें.अब रांची लोकसभा क्षेत्र वासियों को अपना बहुमूल्य वोट देकर संजय सेठ को भारी से भारी मतों से विजयी बनाना है. डॉ उरांव ने वोट का महत्व के बारे में विस्तार रूप से लोगों को बताया.

### राहे में खुला एनडीए का चुनाव कार्यालय



**राहे।** प्रखंड के गोमदा चौक के समीप बुधवार को भाजपा - आजसू ने संयुक्त रूप में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया. वक्ताओं ने देश हित में,देश को सशक्त देश, विकसित राष्ट्र बनाने के लिए देश में मोदी को प्रधानमंत्री बनाना जरूरी है. मोदी सरकार के लिए रांची संसदीय क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ के मतदान करें और लोगों से भी कराये. मौके पर विधानसभा प्रभारी जितेंद्र पटेल, विधायक प्रतिनिधि संजय सिद्धार्थ, रोशनलाल मुंडा, बबलू खान, विनय महतो धीरज, रंगबहादुर महतो, चितरंजन महतो, महिला नेत्री रेखा देवी, मीरा महतो, मनीष मेहता, धनंजय महतो,शंकर भगत, वीरेंद्र महतो सहित भाजपा -आजसू के कार्यकर्ता मौजूद थे.

## न्यूज अपडेट

### पिपरवार में सीता नवमी महोत्सव का आयोजन



**पिपरवार।** तीन दिवसीय सीता नवमी महोत्सव बुधवार को पिपरवार में शुरू हो गया. वहीं सीता नवमी को लेकर पिपरवार क्षेत्र में विहिप,बजरंग दल,दुर्गा वाहिनी,मातृ शक्ति की बैठक हुई. सीता नवमी महोत्सव कार्यक्रम की अध्यक्षता पिपरवार मंडल विहिप सह बजरंग दल अध्यक्ष लक्ष्मण कुमार मंडल एवं संचालन पिपरवार बजरंग दल मंडल उपाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार ने किया . कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विहिप हजारीबाग विभाग के मंत्री अनूप यादव,एवं विशिष्ट अतिथि चतरा जिला मंत्री सुधीर कुमार,चतरा जिला उपाध्यक्ष तारकेश्वर गुप्ता, चतरा जिला विद्यार्थी प्रमुख राजा कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे . इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विहिप सह बजरंग दल अध्यक्ष लक्ष्मण कुमार मंडल, संरक्षक शंकर सिंह चेरों ,दुर्गा वाहिनी संयोजिका नीलु सिंह चेरो, सोनी कुमारी, ललिता कुमारी, पुती देवी,रेखा देवी, अश्विनी दाराद, मुरारी मोदी,विकास कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे.

### शिव मंडा पूजा को लेकर बुंडू पंचायत में हुई बैठक



**पिपरवार।** बुंडू पंचायत में नौ जून को होने वाले शिव मंडा पूजा सह मेला के आयोजन को लेकर शिव मंदिर परिसर में बुधवार को ग्रामीणों की बैठक हुई. बैठक में बुंडू पंचायत में शिव मुंडा पूजा धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया.बैठक मे सर्वसम्मति से आगामी नौ जून की रात्रि फुलखूंदी और 10 जून की सुबह झूलन का अनुष्ठान व मेला आयोजित करने का निर्णय लिया गया.इसके अलावा 23 मई को डागर अनुष्ठान कराने का निर्णय लिया गया.बैठक में इसकी तैयारी को लेकर 23 मई को पुनः बैठक होगी. बैठक में मनोज कुमार,आनंद कुमार साव,धनेश्वर साव,कृष्ण गंझु, तुलसी तुरी,मोहन तुरी,तुलसी गंझु,देवचरण तुरी,नागेश्वर महतो, बबलू यादव,कमलेश ठाकुर,अर्जुन प्रजापति सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे.

### पर्यावरण बचाने को लेकर निकाली गई रैली



**राहे।** एसएसबी 26 वीं बटालियन के कमांडेंट के एसडी शेरखाने के निर्देशानुसार बुधवार को एसएसबी 26 वीं बटालियन ए कम्पनी सताकी कैंप के जवानों के द्वारा सताकी पंचायत के हाई स्कूल सताकी में पर्यावरण बचाव जागरूकता अभियान कार्यक्रम पर स्कूली बच्चों के बीच साईकिल रैली किया गया. कम्पनी कमांडर केएच हेमंत सिंह के द्वारा बताया कि कैसे पर्यावरण को बचाना है और भविष्य में क्या लाभ मिलेगी. विस्तार से स्कूल के बच्चों को बताया गया .इस अभियान में ए कम्पनी के कमांडर केएच हेमन्त सिंह के साथ सहायक उपनिरीक्षक तिलक राज,और जवान मौजूद थे.

### जल संकट से जूझ रहे हैं बूढ़ाबेहरा गांव के लोग



**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली प्रखंड के नागेडीह पंचायत के बूढ़ाबेहरा गांव के लोग काफी समय से विकट जल संकट से जूझ रहे है. इस गांव में सरकारी स्तर पर लगाए गए अधिकतर जलापूर्ति योजनाएं लगभग फेल हो गई है. नतीजा गांव के कई टोलों के लोगों को पीने के लिए दाडी एवं नहाने के लिए कुर्मी टोला एवं माझ टोला के समीप स्थित बदबूदार चेकडेम पर निर्भर रहना पड़ रहा है. गांव में बेल टोला एवं माझ टोला दो ऐसे टोले है. जहां पीने का कोई भी सरकारी जलस्रोत नहीं है. ग्रामीणों ने बताया कि इन टोलों के लोग चुआ और दाड़ी से पानी लाकर पीने को विवश है. माझ टोला के लोगों ने बताया कि टोला के 37 घरों के लोगों को करीब एक किमी दूर बेहरा दाढ़ी से पानी लाना पड़ता है.

# चैंबर भवन में पूर्व केंद्रीय मंत्रियों के साथ परिचर्चा का आयोजन

संवाददाता। रांची

झारखंड राज्य में आर्थिक प्रगति के साथ ही अन्य विकासात्मक मुद्दों पर बुधवार को चैंबर भवन में परिचर्चा का आयोजन किया गया. परिचर्चा में मुख्य रूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री सह सांसद (राज्यसभा) जयराम रमेश और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय शामिल हुए.

चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने राज्य के व्यापार, उद्योग के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हुए कई अहम निर्णयों जैसे भवन नियमितीकरण योजना को जल्द प्रभावी करने, राज्य में बंद पड़ी खदानों को खोलने, अभ्रक उद्योगों के रिवाइवल के लिए हस्तक्षेप करने, झारखंड में निफ्ट की स्थापना का प्रस्ताव केंद्र को भेंजने, खासमहल भूमि को फ्रीहोल्ड करने और प्रत्येक जिले में महिला मार्केट की स्थापना के लिए सरकार के स्तर पर हस्तक्षेप को जरूरी बताया. वहीं जयराम रमेश ने राज्य के विकास से जुडे मुद्दों पर अपने विचार साझा किये. सुबोधकांत सहाय ने झारखंड के चहुंमुखी विकास में व्यापार व उद्योग जगत की भूमिका को अहम बताया.

मौके पर रांची लोकसभा की कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय भी उपस्थित थीं. परिचर्चा के आयोजन में झारखंड प्रोफेशनल कांग्रेस के आदित्य विक्रम जायसवाल ने अहम भूमिका निभाई. संचालन कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण लोहिया, धन्यवाद ज्ञापन शैलेष अग्रवाल ने किया.

# दसवीं टॉपर्स को किया गया सम्मानित

संवाददाता। बेड़ो



बेड़ो के विनय बगीचा स्थित डी ए वी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में सीबीएसई दसवीं की वार्षिक परीक्षा में विद्यालय में उत्कृष्ठ उपलब्धि के साथ परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले मेधावी छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया. परीक्षा में 80% से अधिक लाने वाले सभी छात्रों-छात्राओं को मोमेंटो मेडल्स और बुके देकर सम्मानित किया गया. परीक्षा में 93% लाकर स्कूल एवं बेड़ो प्रखंड की टॉपर रही साक्षी कुमारी को स्कूल प्रबंधन द्वारा मोमेंटो एवं पांच हजार एक सौ रुपया का प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया एवं 88% लाकर स्कूल की दूसरी टॉपर हाजरा प्रवीण और आकृति गुप्ता को मोमेंटो एवं इक्कीस-इक्कीस सौ रुपए प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया. बाकी सभी टॉपर बच्चों रिया कुमारी, साक्षी कुमारी, अमित कुमार, सुगंधा कुमारी, जुनी परवीन, जरा परवीन, दिव्यांश कुमार भगत, सृष्टि साहु को मोमेंटो एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया. कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, ऐसे में धैर्य और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए उन्होंने कहा कि 11वी कक्षा में आराम नहीं करना है और न ही स्कूल छोड़ना है. उन्होंने छात्र - छात्राओं के माता पिता के साथ ही उनके शिक्षकों को भी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी. और भविष्य में इससे भी बड़ी सफलता अर्जित करने के लिए शुभकामनाएं प्रदान की. इस दौरान मेरिट में शामिल टॉपर छात्र छात्राओं के माता पिता एवं शिक्षक शिक्षिकाएं क्रमशः श्रवण कुमार महतो, सविता, हंसिका, प्रियंका, अंजु, तारा अरूणिमा, निर्मला, आरती संदीप , विजय, रेयांशु रवि, गुलशन, रंजन और दिनेश सहित कई शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे .

**पदभार ग्रहण**

## आईआईटी (आईएसएम), धनबाद के नए निदेशक ने पदभार संभाला, डीन के साथ की बैठक

# प्रो. सुकुमार मिश्रा धनबाद में गढ़ेंगे विश्वस्तर के इंजीनियर

संवाददाता। धनबाद

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (इंडियन स्कूल आफ माइंस) धनबाद की नये निदेशक प्रो सुकुमार मिश्रा ने बुधवार को पदभार संभाल लिया. उन्होंने प्रबंधन अध्ययन और औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. जेके पटनायक से पदभार लिया. प्रो. पटनायक एक जुलाई 2023 से संस्थान के कार्यवाहक निदेशक के रूप में सेवारत थे. पदभार संभालने के बाद प्रो मिश्रा ने संस्थान के प्रशासनिक भवन के कांफ्रेंस हॉल में सभी डीन के साथ बैठक की.

इस दौरान संबंधित विभाग डीन द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से संस्थान में चल रही गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं का विवरण पेश किया गया. इसके बाद शाम में रजिस्ट्रार प्रमोद पांडेय के नेतृत्व में सभी अधिकारियों के साथ नए निदेशक की बैठक हुई. बता दें कि नए निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा ने प्रशंसित शोधकर्ता एवं प्रभावी प्रशासक के तौर पर इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाई है.

- इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में प्रो. मिश्रा की अलग पहचान
- डीन ने संस्थान में चल रही गतिविधियों का विवरण पेश किया




### कई महत्वपूर्ण औद्योगिक परामर्श पर किए कार्य

प्रो मिश्रा इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के दिल्ली अनुभाग के कार्यकारी समिति के सदस्य के रूप में भी काम कर रहे हैं. उनकी शोध विशेषज्ञता पावर सिस्टम, पावर क्वालिटी स्टडीज, रिन्यूएबल एनर्जी व स्मार्ट ग्रिड विद्युत प्रणाली के क्षेत्र में है. उन्होंने टाटा पावर, माइक्रोटेक और अन्य कंपनियों के साथ कई महत्वपूर्ण औद्योगिक परामर्श पर भी कार्य किए हैं.

### प्रो. मिश्रा को उत्कृष्ट योगदान के लिए मिल चुके हैं कई पुरस्कार

प्रो. सुकुमार मिश्रा को कई पुरस्कार मिल चुके हैं. इनमें उड़ीसा विज्ञान अकादमी द्वारा यंग साइंटिस्ट अवार्ड (1999), यंग साइंटिस्ट के लिए आईएनएसए यंग इंजीनियरिंग अवार्ड (2002), आईएनएसई सिल्वर जुबली यंग इंजीनियर अवार्ड (2012), दो सामान्य चंद्रशेखर पुरस्कार (2016), विमल बोस पुरस्कार (2019), एनएएसआई रिलायंस प्लेटिनम जुबली पुरस्कार (2019), राष्ट्रीय मिशन इनोवेशन चैंपियन पुरस्कार (2019), इनोवेशन लीडरशिप अवार्ड (2023), केएल चोपड़ा अप्लाइड रिसर्च अवॉर्ड (2023) सहित अन्य उल्लेखनीय है. उन्हें आईएनएई- एनसीआरबी डीएसटी अब्दुल कलाम टेक्नोलॉजी इन्नोवेशन नेशनल फैलोशिप एनएएसआई (भारत), आईएनएई (भारत), आईईटी (यूके), आईईटीटीई (भारत), आईई (भारत) से फेलोशिप भी प्रदान की गई है.

# गढ़वा में पीठासीन पदाधिकारी हुए गिरफ्तार, भेजे गए जेल

संवाददाता। धुरकी (गढ़वा)



**खास बातें**

- मतदाताओं को प्रत्याशी और चुनाव चिह्न बताने का आरोप
- सेक्टर मजिस्ट्रेट ने धुरकी थाने में केस दर्ज कराया था

लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को प्रत्याशी एवं चुनाव चिह्न बताने के आरोप में धुरकी थाना पुलिस ने एक पीठासीन पदाधिकारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. इस संबंध मे जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि गत 13 मई को लोकसभा चुनाव के चौथे चरण केमतदान के दिन पलामू लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सगमा प्रखंड क्षेत्र के सोनडीहा दक्षिण में बूथ संख्या 367 पर जिले के डंडा थाना निवासी जयनाथ चौधरी बतौर पीठासीन पदाधिकारी कार्यरत थे.

उन्हें मतदान के क्रम में अपने कर्तव्य का निर्वहन ठीक से नहीं करने तथा मतदाताओं को ईवीएम मशीन में वोट देने के लिए प्रत्याशी सहित चुनाव चिह्न बताने का आरोपी पाया गया है. इस संबंध में सेक्टर मजिस्ट्रेट सरोज कुमार ने धुरकी थाना में उक्त पीठासीन पदाधिकारी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी.

